
# 3. निर्देशांक ज्यामिति

## प्रश्नावली 3.1

**Q1. एक अन्य व्यक्ति को आप अपने अध्ययन मेज पर रखे टेबल लैंप की स्थिति किस तरह बताएँगे?**




**हल :** माना कि टेबल लैंप सामने (बैठने वाली जगह) से 2 फीट है और और दायें किनारे से 1 फीट है तो लैंप की स्थिति (2,1) होगी !

Q2. (सड़क योजना) : एक नगर में दो मुख्य सड़कें हैं, जो नगर के केंद्र पर मिलती हैं। ये दो सड़कें उत्तर-दक्षिण की दिशा और पूर्व-पश्चिम की दिशा में हैं। नगर की अन्य सभी सड़कें इन मुख्य सड़कों के समांतर परस्पर 200 मीटर की दूरी पर हैं। प्रत्येक दिशा में लगभग पाँच सड़कें हैं। 1 सेंटीमीटर = 200 मीटर का पैमाना लेकर अपनी नोट बुक में नगर का एक मॉडल बनाइए। सड़कों को एकल रेखाओं से निरूपित कीजिए।

DurgaTutorial.com

आपके मॉडल में एक-दूसरे को काटती हुई अनेक क्रॉस-स्ट्रीट (चौराहे) हो सकती हैं। एक विशेष क्रॉस-स्ट्रीट दो सड़कों से बनी है, जिनमें से एक उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और दूसरी पूर्व-पश्चिम की दिशा में। प्रत्येक क्रॉस-स्ट्रीट का निर्देशन इस प्रकार किया जाता है: यदि दूसरी सड़क उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और पाँचवीं सड़क पूर्व-पश्चिम दिशा में जाती है और ये एक क्रॉसिंग पर मिलती हैं, तब इसे हम क्रॉस-स्ट्रीट (2, 5) कहेंगे। इसी परंपरा से यह ज्ञात कीजिए कि

(i) कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (4, 3) माना जा सकता है।

(ii) कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (3, 4) माना जा सकता है।

## प्रश्नावली 3.2

**Q1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिएः**
**(i) कार्तीय तल में किसी बिन्दु की स्थिति निर्धरित करने वाली क्षैतिज और उध्र्वाधर रेखाओं के क्या नाम हैं?**

**(ii) इन दो रेखाओं से बने तल के प्रत्येक भाग के नाम बताइए।**
**(iii) उस बिन्दु का नाम बताइए जहाँ ये दो रेखाएँ प्रतिच्छेदित होती हैं।**

**हल :**

(i) क्षैतिज रेखा का नाम : x-अक्ष और उध्र्वाधर रेखा का नाम : y-अक्ष

(ii) x-अक्ष और y-अक्ष से बने तल के प्रत्येक भाग का नाम :

(a) प्रथम चतुर्थांश

(b) द्वितीय चतुर्थांश

(c) तृतीय चतुर्थांश

(d) चतुर्थ चतुर्थांश

(iii) मूल बिंदु जिसका निर्देशांक (0,0) होता है |

**Q2. आकृति 3.14 देखकर निम्नलिखित को लिखिए :**

**(i) B के निर्देशांक**

**(ii) C के निर्देशांक**

**(iii) निर्देशांक (-3, -5) द्वारा पहचाना गया बिंदु**

**(iv) निर्देशांक (2, -4) द्वारा पहचाना गया बिंदु**

**(v) D का भुज**


**(vi) बिंदु H के निर्देशांक**

**(vii) बिंदु L के निर्देशांक**

**(viii) बिंदु M के निर्देशांक**

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

## प्रश्नावली 3.2 (contd.)




Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल :**

(i) (-5, 2)

(ii) (5, -5)

(iii) E

(iv) G

(v) 6

(vi) (-5, -3)

(vii) (0, 5)

(viii) (-3, 0)

## प्रश्नावली 3.3

**Q1. किस चतुर्थांश में या किस अक्ष पर बिन्दु (– 2, 4), (3, – 1), (– 1, 0), (1, 2) और (– 3, – 5) स्थित हैं? कार्तीय तल पर इनका स्थान निर्धरण करके अपने उत्तर सत्यापित कीजिए।**

**हल :**


(– 2, 4) द्वितीय चतुर्थांश में है |

(3, – 1) चतुर्थ चतुर्थांश में है |

(– 1, 0) x - अक्ष पर स्थित है |

(1, 2) प्रथम चतुर्थांश में स्थित है |

(– 3, – 5) तृतीय चतुर्थांश में स्थित है |




2. अक्षों पर दूरी का उपयुक्त एकक लेकर नीचे सारणी में दिए गए बिन्दुओं को तल पर आलेखित कीजिए:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| x | -2 | - 1 | 0 | 1 | 3 |
| y | 8 | 7 | - 1.25 | 3 | - 1 |

Durga Tutorial
Since 1996
Baniapur
DurgaTutorial.com